# के.डी.न्यूज

सुलतानपुर से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

UPHIN 47497

वर्ष–01 अंक 09 सुलतानपुर बुधवार 13 नवम्बर 2024 मूल्य : दो रूपया पृष्ठ : 4


## दिल्ली डिफेंस डायलाग में बोले राजनाथ सिंह, भारत को दुनिया का ड्रोन हब बनाने का लक्ष्य

**एजेंसी।**

नयी नई दिल्ली राजनाथ सिंह ने कहा कि हम पहले से ही इस क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास, संपूर्ण विश्वसनीय प्रमाणन तंत्र और भारतीय बौद्धिक संपदा निर्माण में सुधार के लिए काम कर रहे हैं। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारत का लक्ष्य दुनिया का ड्रोन हब बनना है और यह न केवल भारतीय अर्थव्यवस्था को मदद करेगा बल्कि मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। वह मनोहर पर्रिकर इंस्टीट्यूट फॉर डिफेंस स्टडीज एंड एनालिसिस में अनुकूली रक्षारू आधुनिक युद्ध के बदलते परिदृश्य को नेविगेट करना विषय पर आयोजित दिल्ली रक्षा संवाद में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने भारत को दुनिया का ड्रोन हब बनाने के लिए कई पहल की हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि हम पहले से ही इस क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास, संपूर्ण विश्वसनीय



प्रमाणन तंत्र और भारतीय बौद्धिक संपदा निर्माण में सुधार के लिए काम कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, हमने पक्म्‍ और ।क्प्ज्‍ की योजनाओं के माध्यम से नवाचार के लिए पुरस्कार भी पेश किए हैं। उन्होंने कहा कि ड्रोन और झुंड प्रौद्योगिकियाँ युद्ध के तरीकों और साधनों में मूलभूत परिवर्तन ला रही हैं। इस विकास ने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद युद्ध की समझ को पूरी तरह से बदल दिया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भूमि, वायु और जल – तीनों आयामों में युद्ध की पारंपरिक अवधारणाएँ और संकल्पनाएँ तेजी से बदल रही हैं। ड्रोन और झुंड प्रौद्योगिकी हस्तक्षेप के कारण इन आयामों को ओवरलैपिंग के रूप में देखा जा रहा है। रक्षा निर्यात में वृद्धि पर रक्षा मंत्री ने कहा कि हम भारत से रक्षा वस्तुओं के बढ़ते निर्यात में अपने प्रयासों का फल भी देख रहे हैं। वर्तमान में, भारत पहले से ही 100 से अधिक देशों को रक्षा वस्तुओं का निर्यात कर रहा है, 2023–24 में रक्षा निर्यात के लिए शीर्ष तीन गंतव्य संयुक्त राज्य अमेरिका, फ्रांस और आर्मेनिया हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि हमें उम्मीद है कि हम 2029 तक 50,000 करोड़ रुपये के रक्षा निर्यात का लक्ष्य हासिल कर लेंगे। उन्होंने कहा कि भारत साइबरस्पेस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में उभरती प्रौद्योगिकियों पर काम करने वाले अग्रणी देशों में बने रहने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने पहले ही डीआरडीओ परियोजनाओं और कार्यक्रमों के लिए

## रामलला के दर्शन को पैदल निकले सपा विधायक

सुल्तानपुर।अमेठी के गौरीगंज से सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह अयोध्या रामलला के दर्शन के लिए पद यात्रा पर निकले हैं। उनके साथ हजारों लोगों का जत्था भी है। 108 किलोमीटर पैदल चलकर वे रामलाल के दर्शन करेंगे।विधायक ने बताया कि राम मंदिर बनने के बाद रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के दिन से ही पैदल चलकर श्रीराम प्रभु के दर्शन करने का संकल्प लिया था। 11 नवंबर सोमवार को उन्होंने अपने पैतृक गांव मऊ गौरीगंज से पैदल यात्रा प्रारंभ की जिसमें उनके साथ हजारों भक्त पदयात्रा में शामिल हुए। पहले दिन पदयात्रा गौरीगंज से मुसाफिरखाना होते हुए हलियापुर पहुंची। हलियापुर आमघाट पुल पहुंचते ही विधायक राकेश प्रताप सिंह का प्रभात सिंह,निर्मल सिंह,आशू सिंह, उमरा प्रधान दुर्गेश सिंह,मनोज सिंह प्रधान कांकरकोला,नागेन्द्र प्रताप सिंह, सपा नेता अजय सिंह,पूर्व प्रधान किरन सिंह, दयाशंकर सिंह, मुदित सिंह, रणधीर सिंह, लव सिंह, राजू सिंह,आरपी सिंह, भाजपा नेता हिन्देश सिंह,पूर्व ब्लाक प्रमुख रविंद्र प्रताप सिंह, प्रधान प्रतिनिधि अखंड प्रताप सिंह उर्फ गब्बर सहित सैंकड़ों लोगों ने फूल माला व ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया।उसके बाद हलियापुर पिठला अयोध्या बॉर्डर ढोल नगाड़ों के साथ आगे के लिए रवाना किया। जगह–जगह जलपान की व्यवस्था रही। हलियापुर के एक निजी संस्थान में अल्पविराम के बाद यात्रा पुनः प्रारंभ हुई जिसका रात्रि ठहराव इनायतनगर में होगा और 13 तारीख को यात्रा इनायतनगर से प्रारंभ होगी। 14 तारीख को 8 बजे राम की पैड़ी होते हुए प्रभु श्री राम का दर्शन और हनुमानगढ़ पूजन करेंगे।



## रोजगार योजना के अंतर्गत कुल्हड़ उद्योग का पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक के पुत्र ने किया उद्घाटन

सिद्धार्थनगर ।मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के अंतर्गत कुल्हड़ उद्योग का पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक जयप्रताप सिंह के पुत्र युवा भाजपा नेता अधिराज प्रताप सिंह व अभय प्रताप सिंह ने उद्घाटन किया। बांसी तहसील क्षेत्र के रानीगंज में लगा कुल्हड़ उद्योग प्लांट, प्लास्टिक के गिलासों से मिलेगा छुटकारा। उद्घाटन के दौरान जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी गंगा धर दूबे, भाजपा नेत्री अनुपमा सिंह, समाजसेवी केपी त्रिपाठी, कुबेर बारी, सत्यनारायण मौर्य, दीपक चौधरी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत, बहन घायल

गोरखपुर ।एक दर्दनाक सड़क हादसे में 26 वर्षीय युवक की जान चली गई, जबकि उसकी बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। मृतक युवक की पहचान पंकज यादव के रूप में हुई है, जो सिकरीगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत हेमचौरा के निवासी थे और गोरखपुर में रहकर अपनी पढ़ाई कर रहे थे। जानकारी के अनुसार, पंकज अपनी बहन को परीक्षा दिलाने के लिए मोटरसाइकिल से सहजनवा जा रहे थे। रास्ते में अचानक एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे पंकज की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में उनकी बहन भी घायल हो गई और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और दुर्घटनास्थल पर मौजूद ट्रक चालक के खिलाफ कार्रवाई के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इस दुखद घटना से पूरे परिवार में शोक की लहर है, वहीं क्षेत्रवासियों ने इस हादसे पर गहरा दुख प्रकट किया है।



## मामले का निस्तारण हुआ नहीं, लग गई रिपोर्ट

कौड़ीराम गोरखपुर ।क्षेत्र अंतर्गत आने वाली ग्राम सभा बासूडीहा के गंभीरपुर मोहल्ले के निवासी रविशंकर सिंह मोनू ने कहा है कि उन्होंने अपने गांव में गंदगी और जाम हुईं नाली की सफाई न होने की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की थी। जिस पर कोई करवाई नहीं हुई और जब उन्होंने पोर्टल पर देखा तो उस पर निस्तारण दिखा रहा है।जबकि नाली की स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है इस संबंध में उन्होंने एडीओ पंचायत से भी बात किया जिन्होंने उन्हें नाली की जल्द से जल्द सफाई के लिए आश्वासन दिया है परन्तु कई दिन बीत जाने के बाद कोई करवाई नहीं हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि ग्राम विकास अधिकारी बासूडीहा ने बिना करवाई किये ही निस्तारण की रिपोर्ट लगा दी है। रविशंकर सिंह ने कहा कि नाली जाम से गाँव में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। यदि प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया तो आने वाले समय में गाँव में बीमारी का प्रकोप बढ़ सकता है। इस अवसर पर धीरज सिंह, कृष्णमोहन सिंह, उपेंद्र सिंह, धर्मदेव सिंह, विवेक सिंह उपस्थित रहे।




## सीडीओ अंकुर कौशिक का निर्देश, काशीराम कश्वलोनी से अपात्रों को बाहर करने के लिए करें चिन्हांकित।

सुलतानपुर 12 नवम्बर मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक की अध्यक्षता व अपर जिलाधिकारी (वित्तध्राजस्व) की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), सुलतानपुर की शासी निकाय एवं कार्यकारी समिति की बैठक सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजना एवं एस०सी0एस०पी योजना के अन्तर्गत सूडा मुख्यालय से प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्त प्रस्तावों की 3 करोड़, 59 लाख की परियोजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गयी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में आवास पूर्ण न



करने वाले 126 डिफाल्टर लाभार्थियों कोआवास पूर्ण कराने अथवा आर0सी० जारी कर धनराशि वसूली करने हेतु सम्बंधित नगर निकाय के उपजिलाधि ाकारी एवं अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया गया। उन्होंने पीएम स्वनिधि ा योजना के स्वनिधि से समृद्धि अन्तर्गत वेण्डर्स एवं उनके परिवारों की शत–प्रतिशत प्रोफाइलिंग कर उन्हें 08 अन्य केन्द्रीय योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश समस्त अधिशासी अधिकारी को दिये तथा कांशीराम शहरी गरीब आवास के निवासियों की जॉच कर अपात्र व्यक्तियों के आवास निरस्त कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, डा उपजिलाधिकारी सदर ६ लम्भुआ, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,जिला सेवा योजन अधिकारी, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद सुलतानपुर, अधि ाशासी अधिकारी, नगर पंचायत कादीपुर ६ दोस्तपुर ६ कोइरीपुरध्लम्भुआ, जिला कार्यक्रम अधिकारी, सहायक अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, कार्यदेशक, आई०टी०आई, जिला विकलांग कल्याण अधिकारी, सहायक आयुक्त उद्योग, डुडा विभाग के सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता एवं अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित डीसीएम की टक्कर से लगभग दर्जन भर लोग घायल हुए हैं। एक मौत की सूचना।

कूरेभार सुल्तानपुर– देर शाम बाजार में अनियंत्रित डीसीएम की टक्कर से लगभग दर्जन भर लोग घायल हुए हैं जिसमे से एक मौत की सूचना हैं। कूरेभार कस्बे के सेमरी रोड मॉडल शॉप के सामने की घटना बताई जा रही हैं। स्थानीय लोगों व पुलिस के सहयोग से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर लाया गया जहाँ घायलों का इलाज चल रहा है। एक की मौत और सीएचसी से आठ रेफर होने की सूचना मिल रही है।बताते चलें कि गंभीर रूप से घायलों को इलाज के बाद कूरेभार थानाध्यक्ष शरदेंदु दुबे पुलिस बल के मुस्तैद रह कर एम्बुलेंस से राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजवाया।फिलहाल देर शाम लगभग दस बजे तक दुर्घटना में एक कि मौत और आठ गंभीर रूप से घायल होने की खबर आ रही है।



## रोजगार की दिशा में बढ़ने वाली महिलाओं को 18 करोड़ 18 लाख के मिले डेमो चेक

सुल्तानपुर स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को सीसीएल ऋण प्रदान करने हेतु मेगा क्रेडिट कैंप का आयोजन विकास भवन के सभा कक्ष में किया गया। परियोजना निदेशक अशोक कुमार सिंह और उपयुक्त स्वतरू रोजगार केडी गोस्वामी की मौजूदगी में स्वरोजगार की दिशा में अग्रसर महिलाओं को संबोधित किया गया। लीड बैंक मैनेजर समीर पात्र और डीडीएम नाबार्ड अभिनव द्विवेदी द्वारा आसानी से ऋण लेने के उपाय बताए गए। 303 स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को 18 करोड़ 18 लाख का डेमो चेक प्रदान किया गया। जिला मिशन प्रबंधक रामराज के आवाहन पर स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने अपनी सफलता के बारे में लोगों से जानकारी साझा की। इस दौरान मिशन स्टाफ के रूप में जिला मिशन प्रबंधक मोहम्मद जासेफ, रामानंद, नीरज कुमार श्रीवास्तव, आशीष वर्मा, शशिकांत आदि लोग मौजूद रहे।



## तीन दिवसीय मंडलस्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता हुआ उद्घाटन

गोरखपुर ।रिजनल स्पोर्ट्स स्टेडियम, गोरखपुर में 3 दिवसीय मंडलस्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता (12– 14 नवंबर) का उद्घाटन समारोह बहुत धूमधाम से गोरखपुर ग्रामीण के विधायक विपिन सिंह द्वारा किया गया। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आए बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। साथ ही मुख्य अतिथि के सम्मुख बच्चों ने पी. टी. और जिम्नास्टिक का प्रदर्शन किया। उद्घाटन कार्यक्रम में मंडलीय बेसिक सहायक शिक्षा निदेशक विनोद कुमार मिश्रा, रमेंद्र कुमार सिंह (जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी) नोडल अधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह, डॉ प्रभात राय और विभिन्न शिक्षक संघों के पदाधिकारी शामिल हुए । मुख्य अतिथि ने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल बहुत जरूरी हैं। खेल से बच्चों के अंदर आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होती है। हम सभी को मिलकर सभी खेल को प्रोत्साहित करना चाहिए। प्रतियोगिता में मंगलवार को दोनों प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर में पी. टी., 100मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, राष्ट्रीय एकांकी, लोकगीतध लोकनृत्य साथ ही उच्च प्राथमिक वर्ग में वॉलीबॉल, कबड्डी, खो–खो, क्रिकेट का आयोजित हुआ, जिसमें विभिन्न जिलों से आए बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। क्रिकेट (बालिका) में गोरखपुर की टीम विजयी रही और कुशीनगर की टीम उपविजेता बनी। पी. टी. प्रतियोगिता में गोरखपुर और देवरिया संयुक्त रूप से प्रथम, महराजगंज द्वितीय और कुशीनगर की टीम तीसरे स्थान पर रही। वॉलीबॉल में देवरिया की टीम विजेता और गोरखपुर की टीम उपविजेता रही। प्राथमिक में 50 मीटर बालक में गोरखपुर के रोहित, 50 मीटर बालिका में कुशीनगर की अंतिमा पाल, 100 मीटर बालक में गोरखपुर के रोहित, 100 मीटर बालिका में देवरिया की साहिन, 400 मीटर बालक में महराजगंज के अरविंद, 400 मीटर बालिका में देवरिया की सुजाता ने प्रथम स्थान हासिल किया। साथ ही उच्च प्राथमिक स्तर के 100 मीटर बालक में महराजगंज के अमरेश, 100 मीटर बालिका में गोरखपुर की सृष्टि मौर्या ने प्रथम स्थान हासिल किया। इस अवसर पर राजेश धर दुबे, तारकेश्वर शाही, विनोद, ज्ञानेश्वर पांडेय, प्रभाकर मिश्र, हरेंद्र राय, सुधांशु मोहन, बालमुकुंद, आकांक्षा सिंह, रीना सिंह, अकरम परवेश, श्रवण कुमार यादव, प्रेम नारायण गुप्ता, ज्ञानेश्वर लाल, देवेंद्र, नीलेश श्रीवास्तव, प्रेमलता सिंह, प्रीति पाल, ऋचा पांडे, गरिमा सिंह, मो. खालिद, निहारिका सिंह, महेंद्र चतुर्वेदी, डॉ विनय मल्ल, हर्ष श्रीवास्तव, अमरेंद्र शाही, अनूप सिंह, नरेंद्र राय, रितेश सिंह, पंकज सिंह, ममता शेखर, भरोहिया ब्लॉक की रंगोली टीम, मंजूषा सिंह, अखिलेश सिंह, आशुतोष सिंह, विनय सिंह, मनोज गुप्त आदि मौजूद रहे। उक्त सूचना रीना सिंह जिला व्यायाम शिक्षिका द्वारा दी गई है। द्वितीय दिवस के कार्यक्रम बुधवार को प्रातः 9 बजे से रीजनल स्पोर्ट्स



## डोहरिया में कचरा प्रबंधन और पुनर्चक्रण प्रशिक्षण – ओडीएफ प्लस गांव की दिशा में गोरखपुर की नई पहल

गोरखपुर ।विकास खंड जंगल कौड़िया के ग्राम पंचायत डोहरिया के आर आर सी सेंटर में एस बी एम द्वितीय फेस अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 में चयनित ग्राम पंचायतों के प्रधानगण, पंचायत सहायक एवं सफाई कर्मचारी का ओ डी एफ प्लस मॉडल ग्राम तैयार करने का 2 दिवसीय ट्रेनिंग कार्यक्रम सकुशल सम्पन्न हुआ ।कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए खंड प्रेरक आशीष कुमार श्रीवास्तव ने ओ डी एफ प्लस मॉडल गांव को तैयार करने का विस्तृत जानकारी दिया गया साथ ही बताया गया कि हम सभी को नाडेप कम्पोस्ट, वर्मी कम्पोस्ट, सोक पीट से होने वाले फायदे को भी बताया गया। जे ई सूर्य प्रकाश वर्मा ने आर आर सी सेंटर में बनाने वाले नाडेप, वर्मी कम्पोस्ट सोक पीट एवं अन्य के टेक्निकल बिंदु को विस्तार से बताया गया जिससे लोगों को इसकी जानकारी विस्तृत रूप से हो सके कार्य क्रम की अध्यक्षता सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) प्रिया साहनी ने किया एवं कार्यक्रम का कुशल संचालन ग्राम सचिव आनंद सिंह ने किया।उक्त कार्यक्रम में ग्राम सचिव आनंद सिंह, जे ई सूर्य प्रकाश वर्मा, खंड प्रेरक आशीष कुमार श्रीवास्तव एवं टी ए धनंजय दुबे, प्रधान गण, अंजू देवी, सुंदरी, ज्योति सिंह, सोमनाथ, राजकुमार, सुग्रीव, अजय, पंचम, गणेश, मनदीप यादव, उदय राज, विनय कुमार, धर्मराज सिंह, विमलेश तिवारी, शिवपूजन, उपेन्द्र, विकास चंद, ध्रुव मल, शैलेश, नीरज, हरीश चंद, अभिमन्यु एवं सफाई कर्मचारी और पंचायत सहायक मौजूद रहे।



## तहसीलदार द्वारा खाद, बीज की दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया

खजनी गोरखपुर ।गोरखपुर खजनी तहसील क्षेत्र के खाद–बीज की दुकानों का निरीक्षण कर रिकॉर्ड में कमी मिलने पर दुकानदार को दिया गया चेतावनी। गुणवत्तापूर्ण कृषि आदान उपलब्ध करवाने के दिए निर्देश तहसीलदार कृष्ण गोपाल त्रिपाठी द्वारा खाद, बीज की दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया।उर्वरकों की गुणवत्ता नियंत्रण एवं कालाबाजारी रोकने हेतु तहसील ने तीन प्रतिष्ठान मारुती खाद एवं बीज भंडार, आर सी बीज भंडार हरनही, किसान बीज भंडार खजनी मे तहसीलदार खजनी द्वारा उर्वरक केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। तहसीलदार कृष्ण गोपाल त्रिपाठी ने कहा क्षेत्र के किसान खाद–बीज से संबंधित समस्या होने पर संबंधित अधिकारियों को सूचना देवें, ताकि अनियमितता करने वाले दुकानदारों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जा सके। किसान एक साथ अधिक मात्रा में उर्वरक खरीद कर स्टॉक नहीं करें।

## किशोरियों को लेना चाहिए पत्तेदार सब्जियां– डा0 अनुराग त्रिपाठी

बांसगांव गोरखपुर ।राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ अनुराग त्रिपाठी के नेतृत्व में श्री ऋषि देव इंटर कॉलेज पाली बांसगांव में बच्चियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। इस स्वास्थ्य परीक्षण में रंजीत




कुमार फार्मासिस्ट ने महती भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य एवम समस्त स्टाफ ने सहयोग किया। किशोरियों से बात करते हुए डॉक्टर त्रिपाठी ने कहा कि आप सभी भारत की भविष्य हैं आपके स्वास्थ्य की रक्षा एवं सुरक्षा करना हम सब का नैतिक दायित्व है ।उन्होंने इस मंच के माध्यम से अभिभावकों से भी अपील किया की बच्चियों को देखभाल करें एवं उनकी निजी आवश्यकताओं को पूरा करें और अंत में किशोर स्वास्थ्य मंच का आयोजन कराया गया।

## किसान के स्वागत के साथ धान क्रय प्रक्रिया शुरू

पिपरौली गोरखपुर ।साधन सहकारी समिति कालेसर में धान क्रय प्रक्रिया शुरू होने के पहले दिन एडीओ यूपी कोऑपरेटिव अरुण गुप्ता तथा एडीसीओ विभा श्रीवास्तव द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान धन विक्रय कर रहे प्रथम किसान राणा सत्य प्रकाश सिंह को सचिव तथा अधिकारियों द्वारा फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया ।अब तक कुल करीब 50 कुंटल धान क्रय किया जा चुका है। इस अवसर पर सचिव मनोज कुमार सिंह ने बताया कि साधन सहकारी समिति कालेसर पर धन क्रय की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है ।अधिक से अधिक किसान आएं तथा इसके साथ ही रवी की फसल के संबंध में खाद और बीज की भी व्यवस्था की जा रही है जिससे ज्यादा से ज्यादा किसान लाभान्वित हों।इस अवसर पर किसान चंद्र कुमार सिंह चंदन, संतराज यादव, हरिनाथ यादव, रमेश सिंह, अवनीश यादव सहित अन्य कि संख्या में दर्जनों किसान उपस्थित रहे।



## पड़ोसी ने बच्चों के विवाद में महिला को दी धमकी

चरवा, कौशाम्बी। चरवा थानाक्षेत्र के अरई सुमेरपुर गांव की सुशीला देवी पत्नी राकेश कुमार ने बताया कि उसका पति मजदूरी करने चला जाता था। वह अपने बच्चों के साथ घर पर थी। सोमवार की शाम उसका पुत्र लकी घर के बाहर मोहल्ले के बच्चों के साथ खेल रहा था। खेलकूद के दौरान उनके बीच विवाद हो गया। पड़ोसी युवक वहां पहुंचा और उसके पुत्र को पीटने लगा। शोर सुनकर वह मौके पर पहुंची और उससे पुत्र के पीटने का उलाहना देने लगी। उलाहना देने से नाराज होकर वह उसके साथ गाली गलौज करने लगा। आरोप है कि युवक गाली का विरोध करने पर सुशीला के साथ मारपीट पर आमादा हो गया। लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। पीड़ित महिला ने थाने जाकर आरोपी के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## बाइक की टक्कर से सड़क पार कर रही छात्रा घायल

चायल, कौशाम्बी। पिपरी थानाक्षेत्र के निजामपुर पुरैनी गांव के समीप मंगलवार की सुबह सड़क पार कर रही छात्रा को बेकाबू बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। इससे वह घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर जुटे लोगों ने छात्रा को उठाकर इलाज के लिए पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। चरवा थाने के चक बादशाहपुर गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार पटेल की छह वर्षीय बेटी काव्या निजामपुर पुरैनी गांव स्थित अपने मौसा लखन सिंह पटेल के घर पर रहकर पढ़ाई करती है। मंगलवार सुबह अपनी मौसेरी बड़ी बहनों के साथ स्कूल जा रही थी। सड़क पार करते समय चायल की तरफ से आ रही बेकाबू बाइक सवार ने काव्या को टक्कर मार दिया। टक्कर लगते ही काव्या सड़क पर गिरकर घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर जुटे लोगों ने छात्रा को उठाकर पास के निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। घटना की जानकारी मिलने के बाद घायल छात्रा के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

## बुखार से पीड़ित अधेड़ महिला की मौत, दर्जनों बीमार

चायल, कौशाम्बी। सरदार वल्लभ भाई पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भगवतपुर क्षेत्र के इंगुआ उर्फ काठगांव में मंगलवार को बुखार से एक अधेड़ महिला की मौत हो गई जबकि दर्जनों लोग बीमार हैं।परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। बीमारों का इलाज अलग–अलग अस्पतालों में चल रहा है। इंगुआ उर्फ काठगांव निवासी रामविशुन पाल खेती किसानी करके परिवार का भरण–पोषण करते हैं। उनकी 50 वर्षीय पत्नी जगपत देवी को छह दिन पहले बुखार आया। परिजनों ने नजदीकी दवाखाना से दवा दिलाया। तीन दोनों तक चले इलाज के बाद भी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ और उसकी हालत गंभीर हो गई। परिजनों ने उसे तिल्हापुर मोड़ स्थित आदित्य अस्पताल में भर्ती कराया।

# भागवत कथा में तुलसी शालिग्राम विवाह प्रसंग की कथा हुई

पिपरौली सहजनवां ।पिपरौली बाजार मंदिर रोड पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन कथा ब्यास ने तुलसी शालिग्राम विवाह प्रसंग की कथा सुनाई। श्रीमद्भागवत कथा में तुलसी–शालिग्राम विवाह की कथा सुनाई गई। कथाव्यास अयोध्या धाम से पधारे मधुसूदनाचार्य जी महराज ने तुलसी विवाह की उपकथा विस्तार से सुनाई। मुख्य यजमान रामबृक्ष निगम, संतोष निगम, नागेंद्र निगम, राहुल निगम, राजेश निगम, सुनील गुप्ता, आर्यन, आदित्य ने कथा का दीप प्रज्वलित किया।कथाव्यास ने बताया कि श्रीमद्भागवत पुराण के अनुसार प्राचीन काल में जलंधर नामक राक्षस ने चारों तरफ बड़ा उत्पात मचा रखा था। वह बड़ा वीर और पराक्रमी था। उसकी वीरता का रहस्य था, उसकी पत्नी वृंदा का पतिव्रता धर्म। उसी के प्रभाव से वह विजयी बना हुआ था। जलंधर के उपद्रवों से परेशान देवगण भगवान विष्णु के पास गए और रक्षा की गुहार लगाई। उनकी प्रार्थना सुनकर भगवान विष्णु ने वृंदा का पतिव्रता धर्म भंग करने का निश्चय किया। यह कहकर वृंदा अपने पति के साथ सती हो गई। जिस जगह वृंदा सती हुई वहां तुलसी का पौधा उत्पन्न हुआ। विष्णु ने कहा, हे वृंदा, यह तुम्हारे सतीत्व का फल है कि तुम तुलसी बनकर मेरे साथ ही रहोगी। जो मनुष्य तुम्हारे साथ मेरा विवाह करेगा, वह परम धाम को प्राप्त होगा। बिना तुलसी दल के शालिग्राम या विष्णु जी की पूजा अधूरी मानी जाती है। शालिग्राम और तुलसी का विवाह भगवान विष्णु और महालक्ष्मी का ही प्रतीकात्मक विवाह माना जाता है। भागवत आरती में राधे निगम, ऊषा देवी, प्रेमपाल गुप्ता, ज्वाला निगम, राहुल, विशाल, सुनील, राजेश, अंकित, अभिषेके, अजय, हिमांशु, शुभम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# काला नमक भवन का जिलाधिकारी द्वारा किया निरीक्षण।

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–
जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर द्वारा काला नमक भवन का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर द्वारा काला नमक भवन



को देखा गया। जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी को निर्देष दिया कि काला नमक भवन के गेट व अन्य कार्यो हेतु बजट आवंटन के लिए शासन को पत्र लिखने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान उपकृषि निदेशक अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, जिला कृषि अधिकारी मो0 मुजम्मिल व अन्य सम्बन्धित उपस्थित थे।

# कार्तिक पूर्णिमा पर भारतभारी में लगने वाले एतिहासिक मेले का जिलाधिकारी ने किया उद्घाटन।

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–
जिलाधिकारी द्वारा कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर ऐतिहासिक स्थल भारतभारी में लगने वाले प्रसिद्ध मेले का फीता काटकर एवं विधि विधान से पूजा कर शुभारंभ किया गया जिलाधिकारी ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा पर लगने वाले प्रशासनिक मेले को राजकीय मेले का दर्जा प्राप्त होगा स्थानीय स्तर से फाइल शासन स्तर को भेज दी गई है भारतभारी स्थल का हर स्तर से विकास किया जाएगा वंदन योजना के तहत 2 करोड़ रुपए शासन से प्राप्त हो चुके हैं डीपीआर तैयार है जल्द ही विकास कार्य शुरू हो जाएंगे मेले के दौरान अब तक इकट्ठा धनराशि का प्रयोग मंदिर के चौमुखी विकास के लिए किया जाएगा इसके लिए प्रशासनिक समिति व स्थानीय लोगों से सुझाव लिए जाएंगे इस पर कार्य लगातार हो रहे हैं कार्तिक पूर्णिमा पर अखंड कीर्तन, भजन–पूजन, भंडारा व स्नान ध्यान प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी चलेगाइस अवसर पर उपजिलाधिकारी डुमरियागंज संजीव दीक्षित, उपजिलाधिकारी न्यायिक डुमरियागंज करम्बेंद्र, सीओ सतीश चंद्र पाण्डेय, तहसीलदार रवि कुमार यादव, ईओ भारतभारी राजन गुप्ता, मेला व्यवस्थापक रमेश चंद्र श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।



# लोक अदालत को लेकर निर्धारित मानदेय पर सेवानिवृत कर्मचारीयो के रखे जाने को लेकर आदेश।

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–
उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्र संख्या 1324ध्एसएलएसए–23–2016 दिनांकित 07 सितम्बर 2020 के साथ सलग्नक उ.प्र. शासन के शासनादेश संख्या 02ध्2018ध्661ध्सात–न्याय–7–2018–47ध्2002 दिनांकित 30 जनवरी 2018 के द्वारा जनपद सिद्धार्थनगर में गठित स्थायी लोक अदालत के लिए निर्धारित मानदेय रू. 9,000ध्– प्रतिमाह पर एक पेशकार एवं निर्धारित मानदेय रू. 9,000ध्– प्रतिमाह पर एक आशुलिपिक ग्रेड–2 तथा निर्धारित मानदेय रू. 7000ध्– प्रतिमाह पर एक चपरासी के पदों पर माननीय जनपद न्यायाधीश ध् अध्यक्ष महोदय से प्राप्त निर्देश दिनांक 08.11.2024 के कम में नियुक्ति की जानी है इस संबंध में जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट न्यायालय के सेवानिवृत कर्मी अर्ह है, जिनकी आयु 65 वर्ष से कम हो। उक्त पदों पर नियुक्ति हेतु अर्ह आवेदकों से दिनांक 30.11.2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है आवेदन पत्र अध्यक्षध्जनपद न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिद्धार्थनगर के नाम से पंजीकृत डाक से प्रेषित किये जा सकते है अथवा सीधे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिद्धार्थनगर के कार्यालय में कार्यदिवस में प्राप्त कराये जा सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर कोई विचार नही किया जायेगा नियुक्त होने वाले कर्मचारियों का कार्यकाल अधिकतम 02 वर्ष का होगा एवं मानदेय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ध् राज्य सरकार द्वारा निर्गत निर्देशों के अधीन होगा। इसकी जानकारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ए डी आर सेंटर दीवानी न्यायालय परिसर मनोज कुमार तिवारी द्वारा दिया गया है।

# वित्त एवं लेखाधिकारी द्वारा किया जा रहा शिक्षकों पर मानसिक उत्पीड़न


## शिक्षकों ने मिलकर सौंपा जिलाधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन

सीतापुर जनपद में वर्तमान में माध्यमिक शिक्षा विभाग के वित्त एवं लेखाधिकारी (मा०शि०) सीतापुर का पद रिक्त है जिसके चलते जिला पंचायत अधिकारी द्वारा अमरेन्द्र कुमार को माध्यमिक शिक्षा विभाग के वित्त एवं लेखाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार प्राप्त दिया गया हैं। अमरेन्द्र कुमार द्वारा प्रत्येक कार्य में आपत्तियां लगाई जाती है किसी भी कार्य को सरल प्रवृत्ति से नहीं किया जा रहा है, उनमे कई बार कमियां निकाली जा रही है बता दे धन उगाही की मंशा से समस्त वित्तीय कार्यों को सरल करने के बजाय उनमें तमाम कमियां निकली जाती है जिसको लेकर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ केजिला अध्यक्ष अनुराग मिश्रा पवन ,जिला कोषाध्यक्ष श्याम कृष्ण तिवारी , जिला मंत्री नवीन कुमार मिश्र, सहित शिक्षकों ने जिलाधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा है जब उनसे बात की गई तो उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रभारी वित्त एवं लेखाधिकारी अमरेन्द्र कुमार जो कि माध्यमिक शिक्षा विभाग में अतिरिक्त चार्ज लिए है वे कार्यालय में उपस्थित नहीं होते है तथा जिला पंचायत कार्यालय में हम समस्त कर्मचारी को बुलाकर मनमानी करते हुए बार–बार दौड़ाया जाता है जिस कारण जनपद शिक्षणेत्तर कर्मचारी को अन्य कार्यालय में बार–बार जाना पड़ता है चूँकि कार्य सरल प्रवृत्ति से नहीं किया जाता है जनपद में कई विद्यालय अत्यन्त अधिक दूरी पर स्थित है इसलिए समस्त शिक्षणेत्तर कर्मचारी को समस्या का सामना करना पड़ता है। हमारी मांग है कि वर्तमान प्रभारी वित्त एवं लेखाधिकारी मा०शि०वि० को कम से कम 02 दिवस कार्यालय में उपस्थित होकर विभागीय कार्य हेतु अपने स्तर से आदेशित करने के साथ अपने कार्य व व्यवहार में परिवर्तन लाने हेतु भी आदेशित करने का कष्ट करें जिसकी सूचना समस्त विद्यालय करने का कष्ट करें ताकि विद्यालय उन तिथियों को आपके कार्यालय में उपस्थित होकर कार्य करा सकें। साथ ही यदि अमरेन्द्र कुमार द्वारा अपनी कार्य प्रणाली में परिवर्तन नहीं लाया जाता है तो शासनादेश के अनुसार अग्रिम कार्यवाही के संबध मे ज्ञापन दिया है



## योगी ने दिलाया याद, कैसे हैदराबाद के निजाम के रज्जाकारस ने खरगे के परिजनों को जलाकर मार डाला था

एजेंसी।
महाराष्ट्र खरगे के आरोपों पर पलटवार करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने महाराष्ट्र में चुनाव प्रचार के दौरान कहा कि आजकल कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे अनावश्यक रूप से मेरे ऊपर लाल–पीले हो रहे हैं, गुस्से में हैं। महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनावों के लिए चल रहे चुनाव प्रचार के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बीच जोरदार वाकयुद्ध हो रहा है। हम आपको बता दें कि एक दिन पहले झारखंड के दौरे पर खरगे ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर हमला करते हुए आरोप लगाया था कि वह 'मुख में राम, बगल में छुरी' में विश्वास करते हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए खरगे ने कहा था कि एक सच्चा योगी 'बटेंगे तो कटेंगे' जैसी भाषा का इस्तेमाल नहीं कर सकता। उन्होंने कहा था कि इस भाषा का इस्तेमाल आतंकवादी करते हैं। खरगे ने कहा था कि योगी एक मठ के प्रमुख हैं, भगवा वस्त्र पहनते हैं, लेकिन 'मुख में राम बगल में छुरी' में विश्वास करते हैं। भाजपा नेता योगी पर सीधा हमला करते हुए खरगे ने कहा था कि उन्हें अपना भगवा वस्त्र त्याग देना चाहिए और अन्य राजनेताओं की तरह सफेद वस्त्र पहन लेना चाहिए, क्योंकि वह 'जो तेरा है वो मेरा हैं ।



## हाईस्कूल में सर्वोत्तम अंक लाने वाली क्षात्रा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डुमरियागंज का शिलान्यास।

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–
माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 2024 की हाई स्कूल में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाली राजकीय उ0मा0 वि0 कूडी, डुमरियागंज की छात्रा कु0 मनीषा पुत्री लालमन द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र डुमरियागंज का शिलान्यास किया गया शिलान्यास के अवसर पर जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया, उपजिलाधिकारी डुमरियागंज संजीव दीक्षित भी उपस्थित रहे जिलाधिकारी द्वारा कु0 मनीषा



को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि मेरे द्वारा 03 माह पूर्व निरीक्षण किया गया था निरीक्षण के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जर्जर अवस्था में था मेरे द्वारा त्वरित संज्ञान तेकर भवन के ध्वस्तीकरण हेतु शासन से अनुमति लेकर ध्वस्त कराया गया इसके पश्चात क्रिटिकल गैप से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र डुमरियागंज का शिलान्यास किया जा रहा है इसके बन जाने से यहां के लोगो को इलाज कराने में सुविधा होगी प्रशासन की कोशिश रहेगी बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रध्छात्रा से इस भवन का उद्घाटन कराया जायेगा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 2024 की हाई स्कूल में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाली राजकीय उ0मा0 वि0 कूडी, डुमरियागंज की छात्रा कु0 मनीषा पुत्री लालमन द्वारा विधि विधान से भूमि पूजन कर शिलान्यास किया गया इस भवन का निर्माण कार्यदायी संस्था सीएनडीएस द्वारा कराया जा रहा है जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को निर्देश देते हुए कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण 03 माह में एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराना सुनिश्चित करे।

## जिलाधिकारी ने किया साधन सहकारी समिति का निरीक्षण, खाद की उपलब्धता न होने पर जाहिर की नाराजगी।

### अनुशासनिक कार्यवाही करने और शासन को लिखने का दिया आदेश।

सिद्धार्थनगर–जिलाधिकारी द्वारा साधन सहकारी समिति, पथरा बाजार का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा जानकारी चाही गयी कि डी.ए.पी. खाद कब से नही है सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि डी.ए.पी. खाद एक सप्ताह से नही है जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए पूछा कि खाद की मांग कब की गयी है सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि कल आरटीजीएस द्वारा पैसा भेजकर खाद की मांग की गयी है जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला कृषि अधिकारी एवं ए0आर0कापरेटिव को निर्देश दिया कि सचिव रामफेर, सहायक विकास अधिकारी सहकारिता रामजी गौतम एवं एडीसीओ बाबूराम प्रसाद पर अनुशासनिक कार्यवाही करने तथा शासन को इनके विरूद्ध लिखने का निर्देश दिया निरीक्षण के दौरान उपकृषि निदेशक अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, जिला कृषि अधिकारी मो0 मुजम्मिल व अन्य सम्बन्धित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## संतोष जायसवाल बने सर्व वैश्य समाज विंध्याचल मंडल अध्यक्ष

बीजपुरध्सोनभद्र(आरएनएस)। जायसवाल समाज ऊर्जान्चल के अध्यक्ष म्योरपुर ब्लॉक के बीजपुर निवासी संतोष जायसवाल को सर्व वैश्य समाज मिर्जापुर मण्डल का अध्यक्ष मनोनीत किया गया. जानकारी मिलते ही वैश्य समाज के मित्रो व कार्यकर्ताओ में शुभकामनायें प्रेषित करने की होड़ मच गई उन्होंने कहा की छोटे के क्षेत्र बीजपुर के युवा समाजिक क्षेत्र में आगे बढ़ रहें है यह क्षेत्रवासियों के लिए गर्व की बात है निश्चित ही संतोष जायसवाल पुरे वैश्य समाज को एकजुट करने में सफल होंगे।

## सलाईबनवा में हेल्थ कैंप का हुआ आयोजन

ओबराध्सोनभद्र(आरएनएस)। ए.सी.सी. सीमेंट वर्क्स सलाईबनवा के प्रोजेक्ट हेड नीरज त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन में कोटा पंचायत के सलाईबनवा में सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत सामान्य स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 156 लोगों को की जांच कर दवा का वितरण किया गया।इस संबंध में अडानी फाउंडेशन के मनोज चौबे ने बताया कि अडानी फाउंडेशन स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका, पशुधन विकास, जल संरक्षण, ग्रामीण अवसंरचना, कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार के क्षेत्र में सतत् प्रयासरत है।

## प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में होगी  की वापसी, मध्य प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्राफी मैच खेलेंगे

मोहम्मद शमी की लगभग एक साल बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी होगी जब वह बुधवार से इंदौर में मध्य प्रदेश के खिलाफ बंगाल के लिए रणजी ट्रॉफी मुकाबला खेलेंगे। पिछले साल 19 नवंबर को विश्व कप 2023 फाइनल के बाद से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर शमी के टखने में चोट थी जिसके लिए उन्हें आपरेशन कराना पड़ा। कोलकाता । भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज मोहम्मद



शमी की लगभग एक साल बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी होगी जब वह बुधवार से इंदौर में मध्य प्रदेश के खिलाफ बंगाल के लिए रणजी ट्रॉफी मुकाबला खेलेंगे। बंगाल क्रिकेट संघ ने यह घोषणा की। पिछले साल 19 नवंबर को विश्व कप 2023 फाइनल के बाद से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर शमी के टखने में चोट थी जिसके लिए उन्हें आपरेशन कराना पड़ा। उनका लक्ष्य बेंगलुरू में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में कड़े रिहैबिलिटेशन के बाद मैच स्थिति में मैच फिटनेस साबित करना होगा। बंगाल क्रिकेट संघ के सचिव नरेश ओझा ने बयान में कहा, ''भारतीय क्रिकेट टीम और बंगाल रणजी ट्रॉफी को स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के बुधवार से इंदौर में मध्य प्रदेश के खिलाफ शुरू हो रहे बंगाल के रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मैच के साथ प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने से मजबूती मिलेगी।'' ओझा ने कहा कि शमी बंगाल के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करेंगे और ऑस्ट्रेलिया में मौजूद भारत के थिंक टैंक की नजरें भी उनके प्रदर्शन पर टिकी होंगी। भारत ने ऑस्ट्रेलिया में बोर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के लिए जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज का साथ देने के लिए आकाश दीप, हर्षित राणा, नितीश कुमार रेड्डी और प्रसिद्ध कृष्णा जैसे अनुभवहीन तेज गेंदबाजों पर भरोसा किया है। मुकेश कुमार, नवदीप सैनी और खलील अहमद भी रिजर्व खिलाड़ियों को शामिल हैं लेकिन इन्हें भी टेस्ट क्रिकेट खेलने का अधिक अनुभव नहीं है। शमी ने 2018–19 में ऑस्ट्रेलिया में भारत की टेस्ट श्रृंखला में 2–1 की जीत में अहम भूमिका निभाते हुए 26.18 के औसत से 16 विकेट चटकाए थे।

## चौंपियन्स ट्राफी 2025 के बाद एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेंगे

मोहम्मद नबी ने घोषणा की है कि वह अगले साल पाकिस्तान में होने वाली चौंपियन्स ट्रॉफी के बाद एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेंगे। अफगानिस्तान की एकदिवसीय श्रृंखला में 2–1 से जीत के बाद 39 साल के नबी ने कहा कि वह पिछले साल एकदिवसीय विश्व कप के बाद से इस प्रारूप को अलविदा कहने पर विचार कर रहे थे। शारजाह । अफगानिस्तान के ऑलराउंडर मोहम्मद नबी ने घोषणा की है कि वह अगले साल पाकिस्तान में होने वाली चौंपियन्स ट्रॉफी के बाद एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेंगे। सोमवार को यहां बांग्लादेश पर अफगानिस्तान की एकदिवसीय श्रृंखला में 2–1 से जीत के बाद 39 साल के नबी ने कहा कि वह पिछले साल एकदिवसीय विश्व कप के बाद से इस प्रारूप को अलविदा कहने पर विचार कर रहे थे। श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए नबी ने आधिकारिक प्रसारणकर्ता से कहा, ''पिछले विश्व कप से मेरे दिमाग में था कि मैं संन्यास ले रहा हूं लेकिन इसके बाद हमने चौंपियन्स ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई कर लिया और मैंने सोचा कि अगर मैं इसमें खेलता हूं तो शानदार होगा।'' नबी ने 2009 से 167 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं जिसमें उन्होंने 147 पारियों में 27.48 के औसत और 86.99 के स्ट्राइक रेट से 3,600 रन बनाए हैं जिसमें दो शतक और 17 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 136 रन हैं। उन्होंने गेंदबाजी में 161 पारियों में 32.47 के औसत और 4.27 के इकोनॉमी रेट से 172 विकेट भी चटकाए हैं। उन्होंने चार बार पारी में चार विकेट और एक बार पांच विकेट हासिल किए हैं। पिछले साल विश्व कप में छठे स्थान पर रहकर अफगानिस्तान ने चौंपियन्स ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई किया। अफगानिस्तान की टीम पहली बार आठ टीम के इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी जिसका आयोजन अगले साल फरवरी में पाकिस्तान में किया जाएगा।



## बीजीटी के लिए आस्ट्रेलियाई मीडिया ने किया टीम इंडिया का अनोखा स्वागत,

केकेआर यानी कोलकाता नाइट राइडर्स की तरफ से एक खबर सामने आई है दरअसल, केकेआर के नए कप्तान को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। केकेआर के कप्तान को लेकर ऐसा नाम सामने आया है। जिस पर यकीन करना मुश्किल होगा। आईपीएल 2025 को लेकर कुछ ना कुछ खबरे सामने आती रहती हैं। अब केकेआर यानी कोलकाता नाइट राइघ्डर्स की तरफ से एक खबर सामने आई है दरअसल, केकेआर के नए कप्तान को लेकर बड़ा अपडेट सामने



आया है। केकेआर के कप्तान को लेकर ऐसा नाम सामने आया है। जिस पर यकीन करना मुश्किल होगा। रिपोर्ट के अनुसार टीम के बेहतरीन बल्लेबाज रिंकू सिंह आईपीएल 2025 में कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान होंगे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो रिंकू सिंह ही आईपीएल 2025 में श्रेयस अय्यर की जगह टीम की अगुवाई करेंगे। हालांकि, फ्रेंचाइजी ने इस पर कोई आधिकारिक ऐलान नहीं किया है। आईपीएल 2025 के लिए केकेआर ने आंद्रे रसेल, सुनील नरेन, वरुण चक्रवर्ती, रिंकू सिंह, रमनदीप सिंह और हर्षित राणा को रिटेन किया है। केकेआर ने 4 कैप्ड खिलाड़ी और 2 अनकैप्ड खिलाड़ी रिटेन किए हैं। 55 लाख रुपये वाले रिंकू सिंह को केकेआर ने आगामी सीजन के लिए 13 करोड़ रुपये में रिटेन किया है। वरुण चक्रवर्ती 12 करोड़ रुपये, सुनील नरेन 12 करोड़ रुपये, आंद्रे रसेल 12 करोड़ रुपये, हर्षित राणा 4 करोड़ रुपये और रमनदीप सिंह भी 4 करोड़ रुपये में रिटेन हुए हैं। केकेआर ने 120 करोड़ में से करीब 57 करोड़ रुपये 6 खिलाड़ी रिटेन करने में खर्च कर दिए हैं। अब केकेआर के पास आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में 63 करोड़ रुपये होंगे।

## गाजा में मानवीय सहायता बढ़ाने की अमेरिका की मांग पूरा करने में विफल रहा इजराइल सहायता समूह

यरुशलम । गाजा पट्टी में अधिक मानवीय सहायता पहुंचाने की अनुमति देने की अमेरिका की मांग को पूरा करने में विफल रहा है। अंतरराष्ट्रीय सहायता संगठनों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने पिछले महीने इजराइल से गाजा में अधिक खाद्य पदार्थ भेजने और अन्य आपातकालीन सहायता ''बढ़ाने'' का आह्वान किया था। इजराइल युद्ध प्रभावित गाजा पट्टी में अधिक मानवीय सहायता पहुंचाने की अनुमति देने की अमेरिका की मांग को पूरा करने में विफल रहा है। अंतरराष्ट्रीय सहायता संगठनों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने पिछले महीने इजराइल से गाजा में अधिक खाद्य पदार्थ भेजने और अन्य आपातकालीन सहायता ''बढ़ाने'' का आह्वान किया था और इसके लिए 30 दिन की समय सीमा दी थी जो मंगलवार को समाप्त हो रही है। प्रशासन ने इन मांगों को पूरा न कर पाने पर इजराइल को परिणाम भुगतने की चेतावनी भी दी थी। अमेरिका ने इजराइल को आगाह किया था कि उसे अगले 30 दिन के भीतर गाजा में मानवीय सहायता की मात्रा बढ़ानी होगी अन्यथा उसके लिए अमेरिकी हथियार तक पहुंच खत्म होने का जोखिम पैदा हो सकता है। इजराइल ने गाजा में स्थिति सुधारने के लिए कई कदम उठाने की घोषणा की है। लेकिन अमेरिकी अधिकारियों ने हाल ही में यह संकेत दिया था कि इजराइल अभी भी पर्याप्त कदम नहीं उठा रहा है। हालांकि उन्होंने यह नहीं कहा कि वे इसके खिलाफ कोई कार्रवाई करेंगे या नहीं।इजराइल के नये विदेश मंत्री गिदोन सार ने समय सीमा को अधिक तवज्जो नहीं देते हुए सोमवार को संवाददाताओं से कहा कि उन्हें विश्वास है कि ''इस मुद्दे का समाधान हो जाएगा।'' आठ अंतरराष्ट्रीय सहायता संगठनों द्वारा मंगलवार को जारी रिपोर्ट में अमेरिकी मांगों के अनुपालन के लिए 19 उपाय सूचीबद्ध किए गए। रिपोर्ट में बताया गया कि इजराइल 15 उपायों का पालन करने में विफल रहा है और उसने केवल चार का आंशिक रूप से ही अनुपालन किया। विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन द्वारा हस्ताक्षरित 13 अक्टूबर के पत्र में इजराइल से कहा गया था कि वह प्रतिदिन कम से कम 350 ट्रक माल को गाजा में प्रवेश करने की अनुमति दे, घेराबंदी वाले क्षेत्र में पांचवां प्रवेश मार्ग खोले, तटीय तम्बू शिविरों में रहने वाले लोगों को सर्दियों से पहले अंदरूनी क्षेत्रों में जाने की अनुमति दे और बुरी तरह प्रभावित उत्तरी गाजा में सहायता समूहों की पहुंच सुनिश्चित करे।



## 4 दिनों के लिए निलंबित रहेंगी ट्रेन सेवाएं, क्वेटा रेलवे स्टेशन पर बम धमाके के बाद लिया गया फैसला

बुगती ने आंतरिक मंत्री मोहसिन नकवी से मुलाकात के बाद बात की, जो स्थिति के बारे में जानकारी लेने के लिए रविवार को क्वेटा गए थे। नकवी के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि अधिकारी आतंकवादियों को कुचलने के लिए निर्णायक कदम उठाएंगे और आतंकवाद के संकट से निपटने में स्थानीय बलूचिस्तान सरकार का समर्थन करेंगे। ट्रेन सेवाएं बलूचिस्तान की अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख हिस्सा हैं। हर दिन सैकड़ों लोग क्वेटा से देश के अन्य हिस्सों में आते–जाते हैं। रेलगाड़ियाँ भोजन और अन्य वस्तुओं का परिवहन भी करती हैं। पाकिस्तान के रेलवे ने अशांत दक्षिण–पश्चिमी प्रांत से आने–जाने वाली सभी ट्रेन सेवाएं निलंबित कर दीं, जहां रेलवे स्टेशन पर आत्मघाती बम विस्फोट में सैनिकों और रेलवे कर्मचारियों सहित 27 लोग मारे गए थे। पाकिस्तान रेलवे के एक बयान के अनुसार, सुरक्षा कारणों से ट्रेन सेवाएं चार दिनों के लिए निलंबित रहेंगी। अलगाववादी बलूच लिबरेशन आर्मी द्वारा दावा किया गया हमला शनिवार को बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा शहर में स्टेशन पर हुआ। अधिकारियों ने कहा कि बमबारी में कम से कम 62 लोग घायल भी हुए हैं। प्रांत के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती के अनुसार, प्रांतीय सरकार ने भी पीड़ितों के परिवारों के साथ एकजुटता दिखाते हुए तीन दिन के शोक की घोषणा की और कहा कि सुरक्षा बढ़ा दी गई है और अलगाववादियों के खिलाफ पूरी ताकत से जवाबी कार्रवाई करने की कसम खाई गई है। बुगती ने आंतरिक मंत्री मोहसिन नकवी से मुलाकात के बाद बात की, जो स्थिति के बारे में जानकारी लेने के लिए रविवार को क्वेटा गए थे। नकवी के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि अधिकारी आतंकवादियों को कुचलने के लिए निर्णायक कदम उठाएंगे और आतंकवाद के संकट से निपटने में स्थानीय बलूचिस्तान सरकार का समर्थन करेंगे। ट्रेन सेवाएं बलूचिस्तान की अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख हिस्सा हैं। हर दिन सैकड़ों लोग क्वेटा से देश के अन्य हिस्सों में आते–जाते हैं। रेलगाड़ियाँ भोजन और अन्य वस्तुओं का परिवहन भी करती हैं। पुलिस ने कहा था कि शनिवार का हमला तब हुआ जब लगभग 100 यात्री रावलपिंडी के गैरीसन शहर के लिए क्वेटा स्टेशन से निकलने के लिए ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। जिम्मेदारी के अपने दावे में अलगाववादी बीएलए ने कहा कि उसने पाकिस्तानी सैनिकों को निशाना बनाया।



## विदेश सचिव विक्रम मिस्री का कार्यकाल 2026 तक बढ़ा, इन पदों पर भी कर चुके हैं काम

15 जुलाई, 2024 को विदेश सचिव के रूप में कार्यभार संभालने वाले विक्रम मिस्री भारतीय विदेश सेवा के 1989 बैच के कैरियर राजनयिक हैं। एक सरकारी अधिकारी के रूप में अपने व्यापक कार्यकाल के दौरान उन्होंने विभिन्न क्षमताओं में कार्य किया है। नई दिल्ली में अपने कार्यभार के दौरान, विशेष रूप से विदेश मंत्रालय में, उन्होंने पाकिस्तान डेस्क पर काम किया और पूर्व विदेश मंत्री आईके गुजराल और प्रणब मुखर्जी के स्टाफ का भी हिस्सा थे। केंद्र सरकार ने विदेश सचिव विक्रम मिस्री का कार्यकाल बढ़ा दिया, जो इस साल 30 नवंबर को सेवानिवृत्त होने वाले थे। जारी एक अधिसूचना में केंद्र ने मिस्री की सेवाओं को 14 जुलाई, 2026 तक या अगले आदेश तक बढ़ाने की घोषणा की। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने 30 नवंबर को उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख से आगे 14 जुलाई, 2026 तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, एफआर के प्रावधानों के संदर्भ में विदेश सचिव के रूप में विक्रम मिस्री के विस्तार को मंजूरी दे दी। यह ध्यान रखना उचित है कि एफआर 56 (डी) के प्रावधान सार्वजनिक हित में सेवानिवृत्ति की तारीख से परे एक विदेश सचिव की सेवा के विस्तार की अनुमति देते हैं।15 जुलाई, 2024 को विदेश सचिव के रूप में कार्यभार संभालने वाले विक्रम मिस्री भारतीय विदेश सेवा के 1989 बैच के कैरियर राजनयिक हैं। एक सरकारी अधिकारी के रूप में अपने व्यापक कार्यकाल के दौरान उन्होंने विभिन्न क्षमताओं में कार्य किया है। नई दिल्ली में अपने कार्यभार के दौरान, विशेष रूप से विदेश मंत्रालय में, उन्होंने पाकिस्तान डेस्क पर काम किया और पूर्व विदेश मंत्री आईके  गुजराल और प्रणब मुखर्जी के स्टाफ का भी हिस्सा थे। उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय में संयुक्त सचिव के रूप में भी काम किया है और भारत के तीन प्रधानमंत्रियोंरू आईके गुजराल, डॉ. मनमोहन सिंह और नरेंद्र मोदी के अधीन उनके निजी सचिव के रूप में काम किया है। अपने विदेशी कार्यभार में राजदूत मिस्री ने ब्रुसेल्स, ट्यूनिस, इस्लामाबाद और वाशिंगटन डी.सी. में सेवा की है। वह श्रीलंका में भारत के उप उच्चायुक्त और म्यूनिख में भारत के महावाणिज्यदूत भी थे।



## जलवायु को लेकर अजरबैजान में महामंथन, इन पर फोकस भारत की रणनीति

कॉप 29 सम्मेलन में भारत की तरफ से पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह 19 सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। इस बैठक में भारत तीन उद्देश्यों पर फोकस करने वाला है। दुनिया की जलवायु में पिछले कुछ सालों से तेजी से बदलाव हुआ है। आज जीवन के हर पहलू पर जलवायु में हो रहे इन बदलावों का असर साफ तौर पर नजर आने लगी है। लोगों की सेहत भी इससे अछूती नहीं है। बात चाहे आपदाओं की वजह से जा रही जानों की करें या इसकी वजह से तेजी से पनपती बीमारियों की। दुनिया के हर हिस्से में तेजी से मौसम रंग बदल रहा है और लोगों की सेहत पर आघात कर रहा है। ऐसे में स्वास्थ्य पर मंडराते हुए इस खतरे को और भी ज्यादा संजीदगी से लेने की जरूरत है। अजरबैजान के बाकू में जलवायु परिवर्तन को लेकर 12 दिन के कॉप 29 सम्मेलन की शुरुआत हुई है। भारत समेत दुनियाभर के वार्ताकार इस सम्मेलन में शिरकत कर रहे हैं। ऐसे में डब्लयूएचओ ने तमाम देशों से जीवाश्म ईंधन से अपना नाता तोड़ने का आग्रह किया है। साथ ही सरकारों से आम लोगों को जलवायु में आते बदलावों का सामना करने के काबिल बनाने में मदद करने की वकालत की है। कॉप 29 सम्मेलन में भारत की तरफ से पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री  कीर्ति वर्धन सिंह 19 सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। इस बैठक में भारत तीन उद्देश्यों पर फोकस करने वाला है।

## हिजबुल्लाह ने दागे 165 राकेट, कई लोग घायल, गाड़ियों में लगी आग

हिजबुल्लाह के ताजा हमले इजरायली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा पहली बार स्वीकार किए जाने के कुछ घंटों बाद हुए कि सितंबर में हिजबुल्लाह नेताओं पर पेजर और वॉकी–टॉकी हमलों के पीछे इजरायल का हाथ था, जिसमें कम से कम 39 लोग मारे गए और 3,000 से अधिक घायल हो गए। स्थानीय मीडिया में आयी खबरों में यह जानकारी दी गयी है। 'टाइम्स ऑफ इजराइल' अखबार ने नेतन्याहू के हवाले से कहा कि रक्षा प्रतिष्ठान में वरिष्ठ अधिकारियों और राजनीतिक क्षेत्र में उनके समर्थकों के विरोध के बावजूद पेजर और हिज्बुल्ला नेता हसन नसरल्ला को खत्म करने का अभियान चलाया गया।लेबनान की तरफ से उत्तरी इजरायल के हाइफा पर बड़ा रॉकेट हमला किया गया। इस हमलें में एक बच्चे सहित कुल सात लोग घायल हो गए। इन हमलों को इजराइल पर उसकी सेना द्वारा दक्षिणी लेबनान पर आक्रमण करने के बाद से किए गए सबसे घातक हमलों में से एक के रूप में चिह्नित किया गया। द टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार, हिजबुल्लाह द्वारा उत्तरी इजराइल पर 165 से अधिक रॉकेट दागे गए। इजराइल डिफेंस फोर्सेज ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर हमले की पुष्टि की। इसने एक वीडियो क्लिप पोस्ट की जिसमें कुछ कारें आग की



लपटों में जलती हुई दिखाई दे रही हैं और कैप्शन लिखा है – उत्तरी इजरायल हमले के अधीन है। हम हिजबुल्लाह की आक्रामकता के खिलाफ अपने नागरिकों की रक्षा करना जारी रखेंगे। हिजबुल्लाह के ताजा हमले इजरायली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा पहली बार स्वीकार किए जाने के कुछ घंटों बाद हुए कि सितंबर में हिजबुल्लाह नेताओं पर पेजर और वॉकी–टॉकी हमलों के पीछे इजरायल का हाथ था, जिसमें कम से कम 39 लोग मारे गए और 3,000 से अधिक घायल हो गए। स्थानीय मीडिया में आयी खबरों में यह जानकारी दी गयी है। 'टाइम्स ऑफ इजराइल' अखबार ने नेतन्याहू के हवाले से कहा कि रक्षा प्रतिष्ठान में वरिष्ठ अधिकारियों और राजनीतिक क्षेत्र में उनके समर्थकों के विरोध के बावजूद पेजर और हिज्बुल्ला नेता हसन नसरल्ला को खत्म करने का अभियान चलाया गया। लेबनान और उत्तरी गाजा में इजरायली हमलों में बच्चों सहित दर्जनों लोगों की मौत हो गयी। हालांकि दुनिया भर की निगाहें इस बात पर टिकी हुई थीं कि अमेरिका में चुनाव ईरान समर्थित आतंकवादी समूहों हमास और हिज्बुल्ला के खिलाफ जारी युद्ध को कैसे प्रभावित कर सकता है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने मंगलवार को हुए चुनाव के बाद से डोनाल्ड ट्रंप के साथ तीन बार बात की है। इजरायल के राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से मिलने वाले हैं। लेबनान में इजरायली हवाई हमले में कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई, जिसमें बेरूत के उत्तर में अलमत गांव में सात बच्चे भी शामिल हैं।

## खालिस्तानियों की धमकी के बाद ब्रैम्पटन के मंदिरों ने रद्द किए कार्यक्रम, सुरक्षा देने में नाकाम कनाडा पुलिस

मंदिर के अधिकारियों ने एक बयान में कहा कि हमें ब्रैम्पटन त्रिवेणी मंदिर के भक्तों, सामुदायिक आगंतुकों और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रद्द करने का उचित निर्णय लेना चाहिए। इसमें कहा गया है कि हमें गहरा दुख है कि कनाडाई अब कनाडा के हिंदू मंदिरों में आने में असुरक्षित महसूस करते हैं। मंदिर के अधिकारियों ने पील पुलिस को मंदिर के खिलाफ प्रसारित खतरों से निपटने और कनाडाई हिंदू समुदाय और आम जनता को सुरक्षा गारंटी प्रदान करने के लिए बुलाया।कनाडा में ब्रैम्पटन त्रिवेणी मंदिर ने एक कांसुलर कार्यक्रम रद्द कर दिया है। कनाडाई पुलिस ने उन्हें हिंसक विरोध प्रदर्शन के खतरे के स्तर की चेतावनी दी थी। टोरंटो स्थित भारतीय महावाणिज्य




दूतावास द्वारा आयोजित जीवन प्रमाणपत्र कार्यक्रम 17 नवंबर को मंदिर परिसर में निर्धारित किया गया था। यह पेंशन उद्देश्यों के लिए जीवन प्रमाण पत्र जारी करने के लिए वाणिज्य दूतावास के कई शिविरों का हिस्सा था। मंदिर के अधिकारियों ने कहा कि पील क्षेत्रीय पुलिस की आधिकारिक खुफिया जानकारी के कारण कार्यक्रम रद्द कर दिया गया।मंदिर के अधिकारियों ने एक बयान में कहा कि हमें ब्रैम्पटन त्रिवेणी मंदिर के भक्तों, सामुदायिक आगंतुकों और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रद्द करने का उचित निर्णय लेना चाहिए। इसमें कहा गया है कि हमें गहरा दुख है कि कनाडाई अब कनाडा के हिंदू मंदिरों में आने में असुरक्षित महसूस करते हैं। मंदिर के अधिकारियों ने पील पुलिस को मंदिर के खिलाफ प्रसारित खतरों से निपटने और कनाडाई हिंदू समुदाय और आम जनता को सुरक्षा गारंटी प्रदान करने के लिए बुलाया। गौरतलब है कि पिछले हफ्ते खालिस्तानी झंडे लेकर प्रदर्शनकारी एक हिंदू सभा मंदिर में भक्तों से भिड़ गए और मंदिर अधिकारियों और ब्रैम्पटन में भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा सह–आयोजित एक कार्यक्रम को बाधित कर दिया। टोरंटो में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कहा कि कनाडाई सुरक्षा अधिकारियों द्वारा अपने आयोजकों को न्यूनतम सुरक्षा संरक्षण प्रदान करने में असमर्थता व्यक्त करने के बाद वह अपने कुछ निर्धारित कांसुलर शिविरों को रद्द कर रहा है।

## लड़कियों को अनैतिक संबंधों से बचाने की कोशिश, 9 साल में शादी! इराक में महिलाओं को लेकर हैरान कर देने वाला फैसला

अगर ये कानून लागू हो जाता है तो लड़कियों की शादी 9 साल में की जा सकेगी। इराक के इस नए कानून की पूरी दुनिया में आलोचना हो रही है। साथ ही महिला समूह इसे महिलाओं के अधिकारों का उल्लंघन बता रहे हैं और नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। द टेलीग्राफ की एक रिपोर्ट के अनुसार, सत्तारूढ़ गठबंधन का कहना है कि यह कदम इस्लामी कानून की सख्त व्याख्या के अनुरूप है और इसका उद्देश्य युवा लड़कियों को अनैतिक संबंधों से बचाना है। इराक में कानूनन ज्यादातर मामलों में शादी की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष निर्धारित की गई है। लेकिन, इराक की संसद विवादास्पद कानूनी बदलावों पर विचार कर रही है इराक में लड़कियो की शादी को लेकर एक नया कानून प्रस्तावित है। अगर ये कानून लागू हो जाता है तो लड़कियों की शादी 9 साल में की जा सकेगी। इराक के इस नए कानून की पूरी दुनिया में आलोचना हो रही है। साथ ही महिला समूह इसे महिलाओं के अधिकारों का उल्लंघन बता रहे हैं और नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। द टेलीग्राफ की एक रिपोर्ट के अनुसार, सत्तारूढ़ गठबंधन का कहना है कि यह कदम इस्लामी कानून की सख्त व्याख्या के अनुरूप है और इसका उद्देश्य युवा लड़कियों को अनैतिक संबंधों से बचाना है।परिवर्तनों के लिए दबाव मुख्य रूप से ध ाार्मिक नेताओं द्वारा समर्थित शक्तिशाली शिया मुस्लिम राजनीतिक गुटों से आता है, जिन्होंने पश्चिम द्वारा मुस्लिम–बहुल इराक पर अपने सांस्कृतिक मानदंडों को थोपने के खिलाफ तेजी से अभियान चलाया है। अप्रैल में, संसद ने स्ळठज्फ़ विरोधी एक कठोर कानून पारित किया। प्रस्तावित संशोधन इराकियों को विवाह सहित पारिवारिक कानून के मुद्दों पर ध ाार्मिक अदालतों की ओर रुख करने की अनुमति देगा, जो वर्तमान में नागरिक अदालतों का एकमात्र क्षेत्र है। इससे मौलवियों को राष्ट्रीय कानूनों के विपरीत शरिया या इस्लामी कानून की अपनी व्याख्या के अनुसार शासन करने की अनुमति मिल जाएगी। कुछ मौलवी शरीयत की व्याख्या करते हुए इराक में कई शिया धार्मिक अधिकारियों द्वारा अपनाए जाने वाले इस्लामिक कानून के जाफरी स्कूल के तहत किशोरावस्था में या 9 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों की शादी की अनुमति देते हैं। 1959 में पारित इराक के व्यक्तिगत स्थिति कानून को मोटे तौर पर महिलाओं और बच्चों के अधिकारों की रक्षा करने वाला एक मजबूत आधार माना जाता है। इसने कानूनी विवाह की उम्र 18 वर्ष निर्धारित की है, हालांकि यह 15 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों को माता–पिता की सहमति और चिकित्सीय प्रमाण के साथ शादी करने की अनुमति देता है।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक,**सम्पादक कपिल देव शुक्ल** द्वारा विभव प्रिंटर्स गाटा सं025 लोलेपुर सुलतानपुर उ० प्र०. से मुद्रित तथा सलीमपुर ग्रेन्ट, पो० व थाना कुरेभार, जिला–सुलतानपुर (उ०प्र०) से प्रकाशित **सम्पादक– कपिल देव शुक्ल**,
मो० 9415739288,9721748962
E-mail: kdshukla-79@gmail.com समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र सुल्तानपुर न्यायालय होगा।